अध्याय 7

# भारतीय मुद्रा

**अधिगम बिन्दु–**
- पुनरावलोकन
- 100 रु. का खुला कराना
- दुकानदार से शेष राशि वापस लेना
- दैनिक जीवन में खरीद और बिक्री

**7.1** आइए, बैंक चलते हैं – ज्योति अपने पिताजी के साथ बैंक जाती है। उसके पिताजी निम्नांकित नोट बैंक में जमा करवाते हैं।










## 7.2 100 रु. का खुला करना

अपना–अपना गुल्लक– रेखा और जय अपने–अपने गुल्लक के सिक्के गिनते हैं। आप इनकी मदद कीजिए।


|  रेखा के गुल्लक से प्राप्त सिक्के |  जय के गुल्लक से प्राप्त सिक्के |
|---|---|
|  |  |
| ..................रुपये ..............पैसे | ..................रुपये ............पैसे |
| सिक्कों का कुल मूल्य = --------------------- | सिक्कों का कुल मूल्य = ----------------------- |

### मेले की सैर

नवीन और सुधा दोनों 100–100 रुपये के नोट लेकर मेले में जाते हैं। मेले में नवीन तथा सुधा ने निम्न लिखित खिलौने पसंद किए–




खिलौने खरीदने के लिए दुकानदार खुले रुपये लाने को कहता है। नवीन 100 रुपये के खुले निम्न प्रकार लाता है।

= 

सुधा 100 रुपये के खुले नीचे लिखे अनुसार लाती है।

= 

प्रयास कीजिए –

क्या आप 100 रुपये के खुले कुछ अलग तरह से कर सकते हैं?




100 रु. का नोट

### 7.3 शेष राशि वापस लेना (दुकान का खेल)–

आइए, अब हम एक दुकान का खेल खेलते हैं। इसके लिए हम खिलौने वाले नोट का उपयोग करते हैं। टीना दुकानदार बनती है और अपनी दुकान निम्न प्रकार सजाती है।




| भाव सूची | |
|---|---|
| कॉपी | 10 रु. |
| पेन | 5 रु. |
| रजिस्टर | 20 रु. |
| कलर पैकेट | 15 रु. |
| रबर | 3 रु. |
| पेंसिल | 5 रु. |
| बॉक्स | 25 रु. |



गुड्डू और दीपक खरीदी जाने वाली वस्तु के मूल्य टीना से पूछते हैं।

गुड्डू : दीदी ''कलर पैकेट'' कितने का है ?

टीना : 15 रु. का है।

दीपक : टीना दीदी, 'रबर एवं पेंसिल' कितने के है ?

टीना : रबर 3 रु. का और पेन्सिल 5 रु. की है।



गुड्डू : पेन और कॉपी कितने की है ?

टीना : पेन 5 रु. और कॉपी 10 रु. की है।

दीपक : रजिस्टर एवं बॉक्स कितने का है ?

टीना : रजिस्टर 20 रु. एवं बॉक्स 25 रु. का है।

गुड्डू और दीपक खरीददार बनते हैं, और निम्नाकित वस्तुएँ खरीदतें हैं। वस्तुओं का कुल मूल्य बताइए।

| गुड्डू ने खरीदी | | दीपक ने खरीदी | |
|---|---|---|---|
| वस्तुएँ | मूल्य | वस्तुएँ | मूल्य |
|  | |  | |
|  | |  | |
|  | |  | |
| कुल मूल्य = | | कुल मूल्य = | |

गुड्डू 100 रुपये का नोट देता है। टीना उसे निम्न प्रकार के नोट वापस देती है।





+


+



क्या यह सही है ? दीपक भी 100 रुपये का नोट देता है। टीना उसे निम्न प्रकार के नोट वापस देती है।



+




+




+

+


क्या यह भी सही है ?

इन वस्तुओं का भी कुल मूल्य बताइए।

इस प्रकार खेल को आगे बढ़ाइए।

''टीना स्टेशनरी'' की दुकान से ममता, हेमन्त और विनीता ने खरीदी गई वस्तुओं के बिलों के मूल्यों की जोड़ कीजिए।

**ममता का बिल**

| वस्तु | मूल्य |
|---|---|
| पेन | 5 रु. |
| पेन्सिल | 5 रु. |
| कलर पैकेट | 15 रु |
| बॉक्स | 25 रु. |
| योग | |

**हेमन्त का बिल**

| वस्तु | मूल्य |
|---|---|
| रबर | 3 रु. |
| कॉपी | 10 रु. |
| रजिस्टर | 20 रु |
| पेन्सिल | 5 रु. |
| योग | |

**विनीता का बिल**

| वस्तु | मूल्य |
|---|---|
| बॉक्स | 25 रु. |
| रजिस्टर | 20 रु. |
| कॉपी | 10 रु |
| पेन | 5 रु. |
| योग | |

### 7.4.1 रुपये–पैसों की जोड़

**उदाहरण 1** गाँव के सरपंच ने स्वतन्त्रता दिवस पर मीरा को 51 रुपये तथा किशन को 31 रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए। सरपंच ने कुल कितने रुपये पुरस्कार में बाँटे ? आइए, रुपयों की जोड़ कर देखते हैं।

| | |
|---|---|
| मीरा की पुरस्कार राशि | 51 रुपये |
| किशन की पुरस्कार राशि | + 31 रुपये |
| कुल पुरस्कार राशि = | 82 रुपये |

**उदाहरण 2** शंकर एक दुकान से 10 रुपये 50 पैसे का बिस्किट का पैकेट तथा 2 रुपये 25 पैसे की माचिस खरीदता है। बताइए, शंकर ने दुकानदार को कितने रुपये चुकाए?

| | |
|---|---|
| बिस्किट के पैकेट का मूल्य | 10 रु. 50 पैसे |
| माचिस का मूल्य | + 2 रु. 25 पैसे |
| कुल मूल्य = | 12 रु. 75 पैसे |

रुपये एवं पैसों की जोड़ करने में पहले पैसे एवं बाद में रुपये जोड़ते हैं।

**उदाहरण 3** जोड़ कर देखिए–

(i)
| | |
|---|---|
| | 17 रु. 50 पै. |
| + | 22 रु. 00 पै. |
| योग = | 39 रु. 50 पै. |

(ii)
| | |
|---|---|
| | ① ① |
| | 27 रु. 50 पै. |
| + | 42 रु. 50 पै. |
| योग = | 70 रु. 00 पै. |

**संकेतः** 1 रुपये = 100 पैसे

## अभ्यास 7.1

जोड़िए–

(i)
| | |
|---|---|
| | 19 रु. 50 पै. |
| + | 37 रु. 50 पै. |
| योग = | |

(ii)
| | |
|---|---|
| | 67 रु. 50 पै. |
| + | 23 रु. 50 पै. |
| योग = | |

(iii)

| | |
|---|---|
| | 29 रु. 50 पै. |
| + | 05 रु. 25 पै. |
| योग = | |

(iv)

| | |
|---|---|
| | 37 रु. 50 पै. |
| + | 33 रु. 50 पै. |
| योग = | |

(v)

| | |
|---|---|
| | 49 रु. 00 पै. |
| + | 27 रु. 50 पै. |
| योग = | |

(vi)

| | |
|---|---|
| | 17 रु. 50 पै. |
| + | 73 रु. 35 पै. |
| योग = | |

### 7.4.2 रुपये–पैसों की घटाव

**उदाहरण 4** चेतना के पास 75 रुपये हैं। वह उसकी बेटी विनी को 35 रुपये की चूड़ियाँ खरीद कर देती है। चेतना के पास कितने रुपये बचते हैं ?

| | | |
|---|---|---|
| चेतना के पास राशि | = | 75 रुपये |
| चूड़ियाँ का मूल्य | = | – 35 रुपये |
| शेष राशि | = | 40 रुपये |

**उदाहरण 5** इन्दर 25 रुपये 75 पैसे लेकर मेले में जाता है और 20 रुपये 25 पैसे मेले में खर्च करता है। अब इन्दर के पास कितने रुपये बचे हैं ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| इन्दर के पास राशि | = | 25 रुपये | 75 पैसे |
| मेले में खर्च राशि | = | – 20 रुपये | 25 पैसे |
| शेष राशि | = | 5 रुपये | 50 पैसे |

रुपये एवं पैसों को घटाने में पहले पैसे तथा बाद में रुपये घटाते हैं।

### आइए घटाएं–

1.

| | |
|---|---|
| | 53 रु. 50 पै. |
| - | 21 रु. 00 पै. |
| शेष = | 32 रु. 50 पै. |

2.

| | |
|---|---|
| | (11) (8) (1) (10) |
| | 92 रु. 00 पै. |
| - | 43 रु. 50 पै. |
| शेष = | 48 रु. 50 पै. |

## अभ्यास 7.2

इन्हें घटाइए–

(i) 35 रु. 50 पै.
- 16 रु. 50 पै.

शेष = ________

(ii) 79 रु. 50 पै.
- 53 रु. 00 पै.

शेष = ________

(iii) 63 रु. 00 पै.
- 39 रु. 50 पै.

शेष = ________

(iv) 85 रु. 00 पै.
- 25 रु. 50 पै.

शेष = ________

(v) 23 रु. 50 पै.
- 19 रु. 35 पै.

शेष = ________

(vi) 25 रु. 50 पै.
- 3 रु. 50 पै.

शेष = ________

### 7.4.3 कितना बचेगा

**उदाहरण 6** महेन्द्र के पास 40 रु. है। वह ''टीना स्टेशनर्स'' से दो पेन और एक रजिस्टर खरीदता है तो बताइए, कितने रु. खर्च हुए ?

हल – (i) एक पेन का मूल्य = 5 रु.

अतः दो पेन का मूल्य = 2 X 5 रु.

(ii) एक रजिस्टर का मूल्य = 20 रु.

**कुल खर्च**

| | | |
|---|---|---|
| दो पेन पर खर्च | = | 10 रु. |
| एक रजिस्टर पर खर्च | = | 20 रु. |
| कुल खर्च | = | 30 रु. |

महेन्द्र के पास शेष = 40 – 30 = 10 रु.


# प्रश्नावली 7

1. निम्न लिखित सिक्कों तथा नोटों को जोड़कर उनका मूल्य लिखिए – ( **चित्र सिक्के तथा नोट** )

(i)  = ...................... रुपये

(ii)  = ...................... रुपये

(iii)  = ...................... रुपये

(iv)  = ...................... रुपये

2. नीचे 100 रुपये के नोट के खुले दिए जा रहे हैं। जो सही है उसके आगे ☑ तथा जो गलत है उसके आगे ☒ का निशान लगाओ।

(i) 5 रुपये + 50 रुपये + 5 रुपये + 20 रुपये + 20 रुपये ☐

(ii) 50 रुपये + 20 रुपये + 20 रुपये + 20 रुपये ☐

(iii) 10 रुपये + 10 रुपये + 10 रुपये + 20 रुपये + 50 रुपये ☐

(iv) 50 रुपये + 10 रुपये + 50 रुपये ☐

3. निम्नलिखित को जोड़िए –

| (i) | | (ii) | | (iii) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 50 पैसे | | 29 रुपये | | 32 रुपये 25 पैसे |
| | +25 पैसे | | +80 रुपये | | +45 रुपये 25 पैसे |
| | ______ | | ______ | | ______ |

4. निम्नलिखित को घटाइए–

(i)

| |
|---|
| 100 रुपये |
| – 43 रुपये |
| |

(ii)

| |
|---|
| 97 रुपये 50 पैसे |
| – 32 रुपये 25 पैसे |
| |

5. सलमा ने 55 रुपये का एक रूमाल तथा 34 रुपये का एक बटुआ खरीदा। बताइए सलमा ने कुल कितने रुपये खर्च किए ?

6. वासुदेव ने एक डाकघर से 5 रुपये के पोस्टकार्ड तथा 14 रुपये 50 पैसे के डाक टिकट खरीदे। बताइए, उसने कुल कितनी राशि चुकाई ?

7. बिन्दु के पास 90 रुपये हैं। उसने 55 रुपये का मोबाइल रिचार्ज करवाया। बिन्दु के पास कितने रुपये शेष बचे ?

8. कपिल 85 रुपये 75 पैसे लेकर सब्जी मण्डी जाता है। उसने 41 रुपये 25 पैसे की सब्जी खरीदी। बताइए, कपिल के पास कितनी राशि शेष बची?

.9. गगन के पास 100 रु. का नोट था। उसने जयपुर से दौसा जाने के लिए 65 रु. का बस टिकट खरीदा तो उसे टिकट लेने के बाद कितने रुपये वापस मिलेंगे ?

10. फरीदा अपनी बहनों के साथ बाजार गई। उन्होंने 95 रु., 48 रु. व 27 रु. के समान खरीदे। बताइए, फरीदा ने बाजार में कुल कितने रुपये खर्च किए ?